प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

अंबेडकर

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा सामाजिक न्याय अभियान के रूप में मना रही है। इस उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा की एक राज्यस्तरीय बैठक आज प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई। इस बैठक में अंबेडकर जयंती पर आने वाले दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। राजीव बिंदल ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार और सिद्धांत देश की एकता व समरसता के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि 15 से 25 अप्रैल के बीच राज्य के 17 संगठनात्मक ज़िलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिनमें डॉक्टर अंबेडकर के विचारों और योगदान पर चर्चा की जाएगी।

..............................................

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। चम्बा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं और कर्मचारियों को वेतन व पैंशनरों को पैंशन देने के लिए सरकार के पास पैसे नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि चम्बा जिला के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी धनराशि का राज्य सरकार सदुपयोग नहीं कर पा रही है।

..............................................

यूपीआई

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया–एनपीसीआई ने कहा है कि यू.पी.आई. लेन–देन में कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण आंशिक रूप से कमी आ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में एन.पी.सी.आई. ने कहा कि वे सुचारू डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रहे हैं।

..............................................

पुल

कुल्लू–बंजार–आनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंजार के समीप मंगलौर पुल बीती रात टूट गया। ये घटना उस समय हुई जब इस पुल के ऊपर से एक भारी वाहन गुज़र रहा था। इस घटना के बाद कुल्लू ज़िला प्रशासन द्वारा बंजार घाटी जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जा रही है। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि फिलहाल नदी के ऊपर से पैदल निकलने का रास्ता बना दिया गया है और वाहनों को निकालने के लिए भी रास्ता बनाया जा रहा है जिसके लिए मशीनरी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि शाम तक छोटे वाहनों को निकालने के लिए रास्ता बनकर तैयार हो जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि ये पुल काफी पुराना था और जल्द ही इस स्थान पर लोहे का पुल लगाकर मार्ग को वाहनों के लिए खोला जाएगा।

..............................................

<u>हनुमान जयंती</u>

देश सहित प्रदेशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। प्रदेश के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है। इधर शिमला के जाखू स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी भक्तों की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हुई हैं और हनुमान जी की पूजा अर्चना की जा रही है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी आज जाखू मंदिर में शीश नवाया।

..............................................

<u>मौसम</u>

प्रदेश के अधिकतर भागों में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि हुई है। ऊपरी क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से फलदार पौधों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से दिन के समय लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि सहित ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात की संभावना जताई है।

..............................................